>

Title: Need to undertake repair of N.H. No. – 76 between Jhansi and Dewari Bandha and N.H. No. – 75 between Dewari Bandha – Chhattarpur-Satna.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): झांसी से देवरी बंधा तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 76 झांसी-मिर्जापुर मार्ग तथा देवरी बंधा से छतरपुर-सतना राजमार्ग क्रमांक 75 की स्थिति काफी खराब है । विशेष रूप से नौगांव से देवपुर तिगैला तक बहुत ही खराब है तथा नौगांव से छतरपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्र0 75 की मरम्मत लगभग 6 माह पूर्व शुरू हुआ किंतु ठेकेदार द्वारा बीच में ही काम छोड़ देने से यात्रियों को बहुत अधिक परेशानी हो रही है।

अतः केंद्र सरकार से अनुरोध है कि शीघ्र ही राष्ट्रीय राजमार्ग 76 एवं 75 की मरम्मत का कार्य प्रारंभ करवाने का सहयोग करें ।